## खास खबरें

### अमेरिका में रूसी नागरिक ने घूसखोरी और वीजा धोखाधड़ी के आरोप को स्वीकारा

**नॉर्थ कैरोलाइना ( एजेंसी )।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलाइना राज्य में रह रहे एक रूसी नागरिक ने घूस और वीजा धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों को स्वीकार कर लिया है। अधिकारियों ने उस पर रूसी सैन्य ठेकेदार के लिए काम करने के दौरान 15 करोड़ डॉलर की रिश्वत के लेनदेन में शामिल होने का आरोप लगाया था। लियोनिड टिफ (59) ने शुक्रवार को घूसखोरी, वीजा धोखाधड़ी और टैक्स रिटर्न में झूठे बयान देने का आरोप स्वीकार कर लिया। उसकी पूर्व पत्नी तातियाना (43) ने आव्रजन के एक मामले में झूठा बयान देने का दोष स्वीकार कर लिया। दोनों करीब 60 लाख डॉलर का जुर्माना देने पर राजी हो गए। टिफ ने होमलैंड सुरक्षा विभाग के एक कर्मचारी को 10,000 डॉलर की रिश्वत देने की बात कबूल की। उसने 2018 में उसे एक शख्स का प्रत्यर्पण कराने के एवज में रिश्वत दी थी क्योंकि उसे शक था कि उस व्यक्ति का ततानिया के साथ प्रेम संबंध चल रहा है। उसने 2018 में एक वीजा अर्जी में झूठा दावा करने और 2012 के टैक्स रिटर्न में विदेश से मिले वित्तीय लाभ के बारे में गलत जानकारी देने की बात भी स्वीकार की। अभियोजकों ने यह भी बताया कि टिफ ने रूसी सेना के लिए काम करते हुए रिश्वत लेने के लिए अपने पद का भी दुरुपयोग किया। अभियोजक टिफ के लिए पांच साल की जेल की सजा मांगने पर राजी हो गए। टिफ को जेल की सजा पूरी होने के बाद प्रत्यर्पण का सामना भी करना पड़ सकता है।

### दिल्ली को झीलों का शहर बनाने की तैयारी, द्वारका में तैयार हुई 7 एकड़ की एक नई झील

**नई दिल्ली ।** द्वारका में एक और झील बनकर तैयार हो गई है। हालांकि अभी यह पानी से पूरी तरह भरी नहीं है। सेक्टर-16 में बनी यह झील सात एकड़ एरिया में फैली हुई है। डीजेबी के अनुसार, पप्पन कलां सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से ट्रीट हो रहे पानी से इस झील को भरा जा रहा है। अब रोज 5 मिलियन ट्रीटेट पानी से बढ़ाकर इसकी मात्रा 10 मिलियन ट्रीटेड पानी कर दी गई है। डीजेबी राजधानी को राजस्थान के उदयपुर की तर्ज पर झीलों का शहर बनाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। इसके तहत पूरी दिल्ली की कई झीलों को रिवाइव करने की प्लानिंग की गई है। नई झील भी इसी प्रोजेक्ट का हिस्सा है। 28000 स्क्वायर मीटर में फैली यह नई झील करीब 2 ।5 करोड़ के बजट से तैयार की गई है। महज सात महीने में यह झील तैयार हो गई।

### भारत की वैक्सीन डिप्लोमेसी को झटका, तीन देशों को वैक्सीन भेजने में सीरम इंस्टिट्यूट ने जताई असमर्थता

**नई दिल्ली ।** कोरोना से जंग में भारत की वैक्सीन डिप्लोमेसी को झटका लग सकता है। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने हाल ही में तीन देशों को पत्र लिखकर वैक्सीन उपलब्ध कराने में असमर्थता जताई है। इन देशों ने वैक्सीन की सप्लाइ के लिए कीमत भी अदा कर दी थी। ऐसे में की इस चिट्ठी से इन देशों के टीकाकरण अभियान में रुकावट आ सकती है। साथ ही यह भारत के वैक्सीन मैत्री अभियान के लिहाज से भी यह अच्छी खबर नहीं है। सीरम इंस्टिट्यूट के चीफ अदार पूनावाला ने ब्राजील, मोरक्को और सऊदी अरब को लिखे पत्र में कहा है कि पहले से खरीदे गए वैक्सीन को भेजने में अनिश्चित देरी हो सकती है। बता दें कि ब्राजील ने भारत को 20 मिलियन वैक्सीन का ऑर्डर दिया था जिसमें से उसे अब तक 4 मिलियन वैक्सीन ही मिल सकी हैं। इसी तरह मोरक्को ने भी पिछले साल अगस्त में 20 मिलियन वैक्सीन डोज का करार किया था लेकिन उसे सिर्फ 7 मिलियन वैक्सीन ही उपलब्ध हो पाई हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्य में भीषण बाढ़ की स्थिति

**सिडनी ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया में सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य न्यू साऊथ वेल्स कई दशकों बाद भयंकर बाढ़ से जूझ रहा है जिसके कारण रविवार को और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के आदेश दिए गए। न्यू साउथ वेल्स राज्य आपदा सेवा ने शनिवार को सहायता के लिए की गई 640 कॉल पर प्रतिक्रिया दी जिसमें से 66 कॉल बाढ़ से सुरक्षित बचाकर निकालने के लिए की गई थी। राज्य के प्रीमियर ग्लेडिस बेरेजीक्लियन ने कहा कि सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी आपदा करीब सौ साल में पहली बार आई है और राज्य के मिड नार्थ कोस्ट के कई स्थानों से लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानो पर पहुंचाने के आदेश दिए गए हैं।

#### चीन से जंग के लिए तैयार ताइवान

# 400 किमी तक सटीक हमला करने वाली मिसाइल को किया फायर

**ताइपे**

चीन के साथ बढ़ते तनाव को देखते हुए ताइवान भी जंग के हालात से निपटने के लिए कमर कस ली है। साउथ चाइना सी में सैन्य उपस्थिति मजबूत करने के बाद ताइवान ने हाल में ही सटीक हमला करने वाली एयर टू ग्राउंड मिसाइल वान चिएन-2 का टेस्ट किया है। यह मिसाइल इतनी खतरनाक है कि 400 किलोमीटर दूर तैनात चीन के टैंक, तोप, आर्मी बेस और हथियार डिपो को पलभर में बर्बाद कर सकती है।

चीनी भाषा में वान चिएन का मतलब 10 हजार तलवारें होता है। इस मिसाइल को हवाई जहाज से जमीन पर सैकड़ों किलोमीटर दूर दुश्मन के ठिकाने पर पिन प्वाइंट एक्यूरेसी के साथ हमला करने के लिए बनाया गया है। बड़ी बात यह है कि इस मिसाइल को ताइवान की हथियार निर्माता कंपनी नेशनल चुंग-शान इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने स्वदेशी तकनीक से बनाया है। वान चिएन-2 मिसाइल की अधिकतम रेंज 400 किलोमीटर दूर तक बताई जा रही है। ताइवान के लिबर्टी टाइम्स के अनुसार, हवाई टेस्ट के सफलतापूर्वक खत्म होन के बाद इस मिसाइल के एक छोटे बैच को बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। उधर चीन ने भी ताइवान की बढ़ती ताकत को काउंटर करने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात अपनी दक्षिण थिएटर कमांड को लगातार युद्धाभ्यास जारी रखने का



निर्देश दिया है। ताइवान की वान चिएन-2 मिसाइल पुरानी वान चिएन-1 का ही अपग्रेडेड वर्जन है। वान चिएन-1 मिसाइल की रेंज 200 किलोमीटर है, जिसे ताइवान के लड़ाकू विमानों पर पहले ही तैनात किया जा चुका है। ताइवान कई बार वान चिएन-1 को सार्वजनिक रूप से डिस्प्ले के लिए रख चुका है। पिछले साल सितंबर में ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने पेनघू का दौरा किया था, तब इस मिसाइल को देखा गया था। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान के पास इतनी ज्यादा मिसाइलें मौजूद हैं जो क्षेत्रफल के हिसाब से दुनियाभर में सबसे ज्यादा है। हालांकि ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इन मिसाइलों की कुल संख्या को आजतक जारी नहीं किया है। ताइपे की चाइना टाइम्स अखबार के अनुसार, ताइवान के पास कुल 6000 से अधिक मिसाइलें हैं। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान के पास इतनी ज्यादा मिसाइलें मौजूद हैं जो क्षेत्रफल के हिसाब से दुनियाभर में सबसे ज्यादा है। हालांकि ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने इन मिसाइलों की कुल संख्या को आजतक जारी नहीं किया है। ताइपे की चाइना टाइम्स अखबार के अनुसार, ताइवान के पास कुल 6000 से अधिक मिसाइलें हैं।

इन हथियारों में अमेरिका निर्मित मिसाइलों के अलावा ताइवान की स्वदेशी मिसाइलें भी शामिल हैं। जिसमें हवा से हवा, हवा से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें शामिल हैं। ताइवान के पास मिसाइल ही ऐसा हथियार है जिससे चीनी सेना खौफ खाती है और आजतक हमले के प्लान को अंजाम नहीं दे सकी है। क्योंकि, चीन के राष्ट्रपति से लेकर चीनी सेना के जनरल तक लगातार ताइवान पर हमले की धमकी देते रहे हैं।

#### अमेरिका की पैट्रियॉट एडवांस्ड कैपेबिलिटी

3 मिसाइस दुनिया की सबसे बेहतरीन डिफेंस सिस्टम में से एक है। यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम दुश्मन की बैलेस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और लड़ाकू जहाजों को पल भर में मार गिराने में सक्षम है। सभी मौसम में दागे जाने वाली इस मिसाइल का निर्माण लॉकहिड मॉर्टिन ने किया है। यह मिसाइल इस समय पूरे अमेरिका, जर्मनी, ग्रीस, इजरायल, जापान, कुवैत, नीदरलैंड, सऊदी अरब, कोरिया, पोलैंड, स्वीडन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, रोमानिया, स्पेन और ताइवान की सेना में शामिल है। अमेरिका की ऑटोमेटिक सतह से हवा में मार करने वाला यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम क्रूज मिसाइलों, ड्रोन, फिक्स विंग हवाई जहाज और हेलिकॉप्टरों के खिलाफ घातक कार्रवाई कर सकता है।

#### मसाज पार्लर में गोलीबारी

# एशिया के लोगों के प्रति नफरत के विरोध में सैकड़ों की भीड़ सड़कों पर उतरी

**नई दिल्ली**

अमेरिका में मसाज पार्लर में हाल ही में हुई गोलीबारी में मारे गए लोगों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को जॉर्जिया स्टेट कैपिटोल के समीप सैकड़ों लोग जुटे। अटलांटा के लिबर्टी प्लाजा में एकत्रित हुए सभी उम्र के सैकड़ों लोगों ने नस्लवाद, विदेशियों से घृणा की भावना और महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ प्रदर्शन किया।

इसी हफ्ते 21 वर्षीय रॉबर्ट आरोन लॉन्ग नामक श्वेत व्यक्ति ने अटलांटा के दो स्पा और चार अन्य मसाज पार्लर में आठ लोगों की हत्या कर दी थी। यह घटना चेरोकी काउंटी से 50 किलोमीटर दूर स्थित एक शहर में हुई।

मारे गए लोगों में से छह एशियाई मूल की महिलाएं थीं। घटना में एक और व्यक्ति को गोली लगी थी, लेकिन वह बच गया था। प्रदर्शन के दौरान सीनेटर राफेल वॉरनॉक, जॉन ओसोफ तथा जॉर्जिया राज्य के सांसद बी न्युयेन ने भाषण दिया। वॉरनॉक ने कहा, 'मैं यहां अपने एशियाई भाइयों और बहनों से केवल यह कहने आया हूं कि हम आपके साथ खड़े हैं।' भाषण के दौरान लोगों ने ताली बजाकर उनका समर्थन किया। जांचकर्ताओं का कहना है कि लॉन्ग ने हत्या करने की बात स्वीकार की है लेकिन साथ ही कहा कि उसने नस्लवाद से प्रेरित होकर हत्याएं नहीं की। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

**जांचकर्ताओं ने बताया सेक्स एडिक्ट :** जांचकर्ताओं ने इस हमले को घृणित अपराध बताया, लेकिन यह मानने से इनकार कर दिया कि यह नस्लीय हमला था। बताया जा रहा है कि वह एक सेक्स एडिक्ट था और इसी वजह से उसने यह हमला किया। हालांकि पुलिस अभी भी इस मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

जॉर्जिया में पिछले साल हेट क्राइम को लेकर कानून बनाया गया था। इसके तहत अगर कोई हमला हेट क्राइम से प्रेरित होगा, तो अतिरिक्त सजा सुनाई जाएगी। कानून के मुताबिक अगर किसी पर उसकी जाति, रंग, धर्म, राष्ट्रीयता, सेक्स, लिंग या अपंगता की वजह से हमला होता है, तो नए कानून के तहत सजा दी जाएगी।

## पाकिस्तान ने 12 देशों पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगाया

**इस्लामाबाद ( एजेंसी )।** पाकिस्तान ने कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों पर लगाम लगाने के लिए दक्षिण अफ्रीका, रवांडा और तंजानिया समेत 12 देशों पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान में रविवार को कोविड-19 संक्रमण के 3667 नए मामले सामने आए जिसके बाद मुल्क में कुल मामले 6.26 लाख से अधिक हो गए हैं। पाकिस्तान में कोरोना वायरस के दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील के स्वरूप के उभरने के बाद नागर विमानन प्राधिकरण (सीएए) ने देशों की नई सूची अधिसूचित की है जिनमें राष्ट्रों कों ए, बी और सी श्रेणी में बांटा गया है और सी श्रेणी के 12 देशों पर पूर्ण यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है। इन 12 देशों पर यह यात्रा प्रतिबंध 23 मार्च से पांच अप्रैल तक लागू रहेगा। बोत्सवाना, ब्राज़ील, कोलंबिया, कोमोरोस, घाना, केन्या, मोज़ाम्बिक, पेरू, रवांडा, दक्षिण अफ्रीका, तंजानिया और ज़ाम्बिया को सी श्रेणी में रखा गया है। सीएए ने कहा कि यह अस्थायी उपाय पाकिस्तान में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए किया जा रहा है। सीएए ने अपनी सी श्रेणी को अपडेट किया है और ब्रिटेन को सी से बी श्रेणी में कर दिया है। उसने कहा है कि ए श्रेणी के देशों से अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वालों को पाकिस्तान आने से पहले कोविड-19 की पांच करने की जरूरत नहीं है। ए श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया, भूटान, चीन, फिजी, जापान, कजाकिस्तान, लाओस, मंगोलिया, मॉरिटानिया, मोरक्को, म्यांमा, नेपाल, न्यूजीलैंड, सऊदी अरब, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एवं टोबैगो और वियतनाम को रखा गया है।

## दुनियाभर में कोरोना वायरस से मौत का आंकड़ा 27 लाख के पार, संक्रमितों की संख्या 12.28 करोड़ से अधिक

**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** कोरोना महामारी से पिछले 24 घंटों के दौरान 8177 मरीजों की मौत होने के बाद मृतकों को आंकड़ा 27.09 लाख के पार पहुंच गया है और संक्रमितों की कुल संख्या 12.28 करोड़ से अधिक हो गई है। इस वायरस के संक्रमण से ठीक होने वाले लोगों की कुल संख्या 6.95 करोड़ से अधिक हो गई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दुनिया के 192 देशों में कोरोना वायरस संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 12 करोड़ 28 लाख 12 हजार 281 तक पहुंच गई है, जबकि अभी तक इस वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या 27 लाख नौ हजार 627 हो गई है और छह करोड़ 95 लाख 23 हजार 91 लोग इससे ठीक हो चुके हैं।

वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस का कहर बढ़ता ही जा रहा है तथा यहां संक्रमितों की संख्या ब?कर दो करो? 97 लाख 83 हजार से अधिक हो गई है जबकि पांच लाख 41 हजार 914 लोगों की जान जा चुकी है। दुनिया में एक करो? से अधिक कोरोना मामलों की संख्या वाले तीन देशों में शामिल ब्राजील दूसरे स्थान पर है और यहां अब तक एक करो? 19 लाख 50 हजार 459 लोग इस वायरस के संक्रमण से प्रभावित हुए हैं एवं दो लाख 92 हजार 752 मरीजों की मौत हो चुकी है। शीर्ष तीन देशों अमेरिका, ब्राजील और भारत के बाद संक्रमण से सर्वाधिक प्रभावित देशों में चौथे स्थान पर रूस है, जहां कोरोना वायरस से 43.97 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 93,090 लोगों की मौत हो चुकी है। ब्रिटेन में कोरोना वायरस से प्रभावितों की कुल संख्या 43.04 लाख के पार पहुंच गयी हैं और 1,26,359 लोगों की मौत हो चुकी है। फ्रांस में 42.77 लाख से ज्यादा लोग संक्रमित हुए हैं और 92,119 मरीजों की मौत हुई है। इटली में संक्रमितों की संख्या 33.56 लाख से अधिक हो गई है और 104,612 लोगों की मौत हो चुकी है। स्पेन में इस महामारी से अब तक 32.12 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं और 72,910 लोगों की मौत हो चुकी है।



इस्तांबुल में अंतरराष्ट्रीय करार से सरकार के हटने को लेकर विरोध प्रदर्शन करती हुई महिलाएं।

## पाकिस्तान में हिंदू लड़कियां सुरक्षित नहीं, 36 दिनों में 4 का अपहरण, जबरन इस्लाम कबूल करवाया

**इस्लामाबाद**

इमरान खान के नया पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों की स्थित बदतर होती जा रही है। धर्म परिवर्तन के लिए बदनाम सूबे सिंध में पिछले 36 दिनों में चार हिंदू लड़कियों का अपहरण हो चुका है।

इतना ही नहीं, इन लड़कियों को अगवा करने वालों ने अधिकतर का धर्म परिवर्तन कर निकाह भी करवाया है। बड़ी बात यह है कि अगवा हुईं चार हिंदू लड़कियों में से तीन नाबालिग हैं। उधर, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान धर्म परिवर्तन की इन घटनाओं पर चुप्पी साधे हुए हैं। पुलिस भी पूरे मामले की लीपापोती कर रही है, क्योंकि अगवा की गई लड़कियां गरीब अल्पसंख्यक तबके से आती हैं।

**सिंध से 13 साल की लड़की अगवा :** नया मामला सिंध प्रांत के हैदराबाद जिले का बताया जा रहा है। जहां हुसरी टाउन से 13 साल की हिंदू लड़की का कट्टरपंथियों ने अपहरण कर जबरन निकाह करवा दिया है। पाकिस्तानी नेशनल असेंबली के हिंदू मेंबर रमेश कुमार वांकवानी ने बताया कि किडनैप हुई लड़की का नाम पूजा मेघवार है। हमने पुलिस को लिखित शिकायत दी हुई है। सच्चाई का पता तभी चल पाएगा, जब पुलिस अगवा की गई लड़की को बरामद कर सकेगी।

**मजदूर पिता ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप :** पूजा के पिता चेतन मेघवार एक टेक्सटाइल मिल में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाने की बहुत कोशिश की है, लेकिन वे हमारी सुनते ही नहीं है। जब हिंदू राजनेता रमेश कुमार वांकवानी ने इस मामले में हस्तक्षेप किया तब उन्होंने केस दर्ज किया है।

**पहले भी तीन लड़कियों का हो चुका है अपहरण :** इसके पहले भी सिंध सूबे से तीन हिंदू लड़कियों का अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा चुका है। जिनके नाम आरती मेघवार, कविता और रीना मेघवार है। द राइज़ न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, आरती मेघवार नाम की नाबालिक हिंदू लड़की को दाहरकी से अपहरण कर लिया गया था। वहीं, दूसरी नाबालिग लड़की कविता को काशमोर के तंगवानी से अगवा किया गया था।

**स्पेशल खबर।।।** *समिति ने रिपोर्ट में कहा-किसानों को इस कानून से फायदा होगा...*

# तीन कृषि कानूनों में से एक को संसदीय समिति का पूरी तरह समर्थन, रिपोर्ट से विपक्षी सांसदों ने किया किनारा

**नई दिल्ली**

किसान आंदोलन के बीच सरकार के लिए थोड़ी राहत भरी खबर है। संसद की एक समिति ने नए आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम का पूरी तरह समर्थन किया है। यह उन तीन कृषि कानूनों में से एक है जिसका मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की किसान यूनियनें विरोध कर रही हैं। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि किसानों को इस कानून से फायदा होगा।

हालांकि समिति के तीन सदस्यों ने कहा कि वे समिति की सिफारिशों से सहमत नहीं हैं। कांग्रेस के सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला को इस बाबत चिट्ठी भी लिखी है। वहीं तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन ने इसे धोखेबाजी करार दिया है।

**19 मार्च को पेश की गई थी रिपोर्ट :** खाद्य संबंधी संसद की स्थायी समिति ने सरकार से अनुशंसा की है कि 'आवश्यक वस्तु (संशोधन) अधिनियम-2020' को 'अक्षरशः' लागू किया जाए। इस समिति के अध्यक्ष त्रस्ष्ट के वरिष्ठ नेता सुदीप बंधोपाध्याय हैं। भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी की कार्यवाहक अध्यक्षता में खाद्य एवं उपभोक्ता संबंधी स्थायी समिति की रिपोर्ट गत 19 मार्च को लोकसभा के पटल पर रखी गई। इस समिति में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सदस्य भी शामिल हैं। ये पार्टियां तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग कर रही हैं। कांग्रेस और टीएमसी ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि रिपोर्ट तैयार करने में नियमों का उल्लंघन किया गया। पार्टियों ने कहा कि समिति के नियमित अध्यक्ष सुदीप बंदोपाध्याय की गैरमौजूदगी में इस रिपोर्ट को आगे बढ़ा दिया गया। बंदोपाध्याय इन दिनों पश्चिम बंगाल चुनाव में व्यस्त हैं। कांग्रेस के तीन सांसदों- सप्तगिरी उल्का, राजमोहन उन्नीथन और वी वैथिलिंगम ने लोकसभा अध्यक्ष को अलग-अलग पत्र लिखे हैं। उनसे यह आग्रह किया है कि वह इस मामले में संज्ञान लें और उन्हें लिखित असहमति दर्ज कराने की अनुमति दें।

**संयुक्त किसान मोर्चा ने क्या कहा :** संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले किसान संगठन पिछले कुछ महीनों से दिल्ली की सीमाओं के पास प्रदर्शन कर रहे हैं। मोर्चा ने एक बयान जारी कर आरोप लगाया, यह अधिनियम निजी क्षेत्र को असीमित मात्रा में जमाखोरी और कालाबाजारी करने की अनुमति देता है। इसके लागू होने से देश में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) और इसका पूरा ढांचा खत्म हो जाएगा।''

### तेज रफ्तार वाली मर्सिडीज कार ने अर्टिगा को मारी टक्कर, दो लोगों को रौंदा, तीन लोगों की मौत

**मोहाली ।** पंजाब के मोहाली के एयरपोर्ट रोड पर स्थित राधास्वामी चौक पर शनिवार सुबह करीब पांच बजे एक तेज रफ्तार की मर्सिडीज कार ने पहले अर्टिगा टैक्सी कार को टक्कर मारी, फिर वहां से गुजर रहे दो साइकिल सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद मर्सिडीज कार करीब 40 फीट दूर सड़क किनारे लगे लोहे की ग्रिल को तोड़कर रुकी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग बुरु तरह घायल हो गए हैं। दोनों कारें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। जानकारी के मुताबिक, मोहाली में एयरपोर्ट रोड स्थित राधास्वामी चौक पर शनिवार सुबह चंडीगढ़ की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही एक मर्सिडीज कार और अर्टिगा में जोरदार टक्कर हो गई।

## थाइलैंड में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े, रबर की गोलियां चलाईं, कई घायल

**बैंकाक (एजेंसी)।**

**थाइलैंड में हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को रिहा करने, संवैधानिक बदलाव और देश में राजशाही में सुधार की मांग कर रहे लोकतंत्र समर्थकों पर पुलिस ने शनिवार की रात पानी की बौछारें छोड़ी, आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं, जिसमें बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी घायल हो गए। पुलिस ने बड़ी संख्या में प्रदर्शकारियों को गिरफ्तार भी किया है।**

बैंकॉक के ग्रैंड पैलेस के बाहर हुए ये प्रदर्शन देश में पिछले वर्ष शुरू हुए छात्र प्रदर्शनों के ही क्रम में हैं। रैली के आयोजकों ने कहा था कि उनकी योजना यह है कि प्रदशर्नकारी कागज का हवाई जहाज बना कर और उसमें संदेश लिख कर महल की ओर उड़ाएं। करीब एक हजार प्रदर्शनकारियों ने महल के बाहर बनाए गए अवरोधकों को तोड़ दिया। इस पर अवरोधकों के पीछे खड़ी पुलिस ने पहले तो प्रदर्शनकारियों को चेतावनी दी और उसके बाद उन पर आंसू गैस के गोले छोड़े और रबर की गोलियां चलाईं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे खदेड़ दिया। रात करीब दस बजे भीड़ तितर-बितर हो गई।

शहर की आपात चिकित्सा सेवा 'इरावन' ने बताया कि इस संघर्ष में 13 पुलिसकर्मियों सहित कुल 33 लोग घायल हो गए हैं । दो संवाददाताओं को भी रबर की गोलियां लगी हैं। संस्था ''थाई लॉयर्स फॉर ह्यूमन राइट्स'' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 32 लोगों को हिरासत में लिया गया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर धुएं के बम और बड़े पटाखे फेंके। पुलिस उप प्रवक्ता कर्नल किसाना पी ने कहा कि पुलिस ने पहले ही चेतावनी दे दी थी कि रैली अवैध है।